RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 60 • 13:03:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## नायब सिंह सैनी बने हरियाणा के 11वें सीएम

### 5 मंत्रियों ने शपथ ली, सभी पिछली कैबिनेट में थे, सैनी ने खट्टर के पैर छुए

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नायब सिंह सैनी ने मंगलवार शाम हरियाणा के 11वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। शपथ से पहले उन्होंने मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पैर छुए। सैनी के बाद कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह चौटाला, जयप्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। ये पांचों खट्टर कैबिनेट में भी थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें सैनी को नेता चुना गया। फिर 54 साल के नायब सिंह सैनी ने राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी ने विधायक दल का नेता चुने जाने पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया। सैनी मनोहर लाल के करीबी हैं। 27




अक्टूबर 2023 को ही उन्हें हरियाणा भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। मनोहर लाल ने बीजेपी और जननायक जनता पार्टी का गठबंधन टूटने के बाद मंगलवार सुबह 11.50 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। जेजेपी ने भी दिल्ली में अपने विधायकों की बैठक बुलाई। पार्टी के 10 में से 5 विधायक इस बैठक में नहीं पहुंचे। बताया जा रहा है कि ये सभी बीजेपी के संपर्क में हैं। जजपा कल हिसार में रैली कर अगली रणनीति का ऐलान करेगी। जेजेपी लोकसभा चुनाव में हरियाणा में 1 से 2 सीटें मांग रही थी जबकि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व और राज्य संगठन सभी 10 सीटों पर खुद लड़ने के पक्ष में है। यही गठबंधन टूटने की वजह बनी। जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सोमवार को दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले थे, लेकिन सीट शेयरिंग पर बात नहीं बनी। दुष्यंत ने दिल्ली में अमित शाह से दोबारा मिलने का समय मांगा है। हालांकि ये मुलाकात होगी या नहीं, ये पक्का नहीं है। हरियाणा में जजपा से गठबंधन टूटा लेकिन बहुमत भाजपा के ही पास है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटें हैं। जिसमें से भाजपा के पास खुद के 41 एमएलए हैं। 6 निर्दलीय और एक हलोपा विधायक का भी उसे समर्थन हासिल है। यानी भाजपा के पास 48 विधायक हैं। बहुमत के लिए 46 सीटें चाहिए।

## जैसलमेर में क्रैश हुआ तेजस, पायलट सुरक्षित

### आबादी वाले इलाके में गिरा लड़ाकू विमान, लगी आग

**जैसलमेर (एजेंसी)।** राजस्थान के जैसलमेर में युद्धाभ्यास के बीच मंगलवार को हादसा हो गया। भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि यह लड़ाकू विमान



युद्धाभ्यास में शामिल था। गनीमत रही की पायलट विमान के गिरने से पहले निकलने में कामयाब रहे। हालांकि, समय पर पैराशूट नहीं खुलने की वलजह से एक पायलट जख्मी हैं। वायु सेना की ओर से बयान जारी करके दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई है। वायुसेना की ओर से कहा गया, भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान जैसलमेर में आज एक ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित रूप से निकल गए। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया गया है। जैसलमेर शहर के बीच जवाहर कॉलोनी के पास यह विमान आबादी के बीच आग का गोला बनकर गिरा।

## संदेशखाली केस में शाहजहां शेख पर कस रहा शिकंजा

- **सीबीआई ने डाला घेरा, तीन करीबियों को किया गिरफ्तार**

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली केस में आरोपी और टीएमसी से बर्खास्त नेता शाहजहां शेख ने सीबीआई की टीम के सामने कई राज उगले हैं। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने सोमवार को शेख के तीन



करीबियों को गिरफ्तार किया। इसमें सुरक्षा गार्ड सहित उनके तीन कथित सहयोगी शामिल हैं। इनकी प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर 5 जनवरी को हुए हमले में संलिप्तता सामने आई है। केंद्रीय एजेंसी ने शेख के सुरक्षा गार्ड दीदार बख्श मोल्ला को हिरासत में ले लिया है, जो हमलों के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई तीन एफआईआर में से एक में शिकायतकर्ता है। ये एफआईआर कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई को सौंप दी हैं। बख्श मोल्ला के अलावा, सीबीआई ने सरबेरिया गांव के पंचायत प्रधान जयउद्दीन मोल्ला और एक अन्य व्यक्ति फारुक अकुंजी को भी गिरफ्तार किया है।

## भारत में बने हथियारों ने भारत-पाक बॉर्डर पर दिखाई अपनी ताकत

### 100 ड्रोन ने एक साथ किया हमला, मोदी बोले-ये नए भारत की शक्ति

**जैसलमेर (एजेंसी)।** एशिया की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज में मंगलवार को तीनों सेनाओं ने भारत शक्ति युद्धाभ्यास के जरिए भारत में बने हथियारों की ताकत दिखाई। इस युद्धाभ्यास को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पहुंचे। युद्धाभ्यास में ध्रुव हेलीकॉप्टर भारतीय सेना के कमांडों को दुश्मनों के ठिकानों तक ले गया और वहां जवानों ने आतंकियों का



खात्मा किया। वहीं, तेजस विमान ने दुश्मन के टैंकों पर हमला बोलकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इसके साथ ही पिनाका मिसाइल, नाग मिसाइल, मल्टि यूटिलिटी व्हीकल और ड्रोन हमलों से दुश्मन के ठिकानों पर हमले किए गए।

#### विकसित होना है तो आत्मनिर्भर बनना होगा

मोदी ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना आत्मनिर्भर भारत के बिना संभव ही नहीं है। भारत को विकसित होना है तो हमें दूसरों पर अपनी निर्भरता को कम करना होगा। इसलिए आज भारत खाने के तेल से लेकर आधुनिक लड़ाकू विमान तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है। यह युद्धाभ्यास इसी संकल्प का हिस्सा है। आज मेक इन इंडिया की सफलता हमारे सामने है। हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, मिसाइल सिस्टम की जो गर्जना आप देख रहे हैं, यही तो भारत शक्ति है।

## महोबा में पहाड़ ब्लास्ट करते समय हादसा, 3 की मौत

### मलबे में दबकर 7 मजदूर घायल, ब्लास्ट करने के लिए छेद किए जा रहे थे, तभी धंसा पहाड़

**महोबा (एजेंसी)।** महोबा में खनन के लिए पहाड़ में ब्लास्ट करने के दौरान 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि मलबे में फंसे 7 मजदूरों को पुलिस-प्रशासन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हादसा कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव के पास हुआ है। बताया जाता है कि इस पहाड़ पर 500 फीट



की गहराई पर विस्फोटक लगाने का काम हो रहा था। तभी अचानक पहाड़ के एक हिस्से में दरार आ गई और वो भरभरा कर गिर गया। हादसे के वक्त 10-11 लोग काम कर रहे थे। सभी मजदूर मलबे में दब गए। हादसे की सूचना अन्य लोगों ने पुलिस को दी। आनन फानन में 4 थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उधर, हादसे की जानकारी पाकर मृतकों और घायल मजदूरों के परिवार वाले रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। वे लोग लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे।

### नंदुरबार में राहुल ने किया जाति जनगणना-आर्थिक सर्वे का वादा

## 14 साल बाद गांधी परिवार पहुंचा आधार कार्ड यहीं से लॉन्च हुआ था

**मुंबई (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंतिम चरण में महाराष्ट्र के नंदुरबार पहुंची। यह जगह कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। मंगलवार को राहुल ने आदिवासी न्याय सम्मेलन में अपने भाषण की शुरुआत जय आदिवासी कहकर की। इस दौरान राहुल ने कहा- अगर उनकी पार्टी की सरकार बनी तो जाति जनगणना और आर्थिक सर्वे कराएगी। साथ ही वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी। राहुल ने कृषि और वन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून लाने का भी वादा किया। नंदुरबार वही सीट है, जहां 47 साल तक कांग्रेस को कोई हरा नहीं पाया था।



पिछली बार 2010 में सोनिया गांधी ने नंदुरबार का दौरा किया था। करीब 14 साल बाद गांधी परिवार से कोई सदस्य यहां पहुंचा है। यह जगह इसलिए भी खास है, क्योंकि 2010 में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने आधार कार्ड की लॉन्चिंग नंदुरबार के तेंभली गांव से की थी। राहुल ने यात्रा के दौरान कहा- भाजपा ने वन अधिकार अधिनियम, भूमि अधिग्रहण अधिनियम जैसे कानूनों को कमजोर कर दिया है। हम न केवल उन्हें मजबूत करेंगे बल्कि यह सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों के दावों का निपटारा एक साल के भीतर किया जाए। राहुल ने आरोप लगाया कि बीजेपी की सरकारों ने हजारों दावों को गलत तरीके से खारिज किया।

## आतंकवादियों और गैंगस्टरों के नेक्सस पर कठोर कार्रवाई

- **देश के 4 राज्यों में कुल 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकवादी-गैंगस्टर सांठगांठ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कठोर कार्रवाई की है। एनआईए ने मंगलवार को चार राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में कुल 30 स्थानों पर रेड मारी है और वहां व्यापक तलाशी ले रही है। फिलहाल ये कार्रवाई जारी है। समाचार एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है। एनआईए पंजाब के मोगा जिले में भी अलग-अलग ठिकानों पर रेड कर रही है। इस दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी के साथ पंजाब पुलिस भी मौजूद है। मोगा के गांव बिलासपुर में भी एनआईए टीम रेड कर रही है। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवादी-गैंगस्टर सांठगांठ मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में तलाशी ली है।

## कांग्रेस की दूसरी लिस्ट जारी, 6 राज्यों के 43 नाम

- **13 ओबीसी, एक मुस्लिम उम्मीदवार; नकुलनाथ छिंदवाड़ा से, वैभव गहलोत जालोर से चुनाव लड़ेंगे**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट का ऐलान कर दिया। इसमें 43 उम्मीदवारों के



नाम हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को छिंदवाड़ा से तो राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालोर से टिकट दिया गया है। इससे पहले 8 मार्च को जारी कांग्रेस की पहली लिस्ट में 39 नामों का ऐलान किया गया था। इस तरह कांग्रेस अब तक 82 नामों का ऐलान कर चुकी है। लिस्ट में 76.7 फीसदी उम्मीदवारों की उम्र 60 साल से कम है। वेणुगोपाल ने कहा, हमने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची पहले ही घोषित कर दी है।

### कांग्रेस की सूची इस प्रकार है

| राज्य | सीट | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | छिंदवाड़ा | नकुलनाथ |
| मध्य प्रदेश | भिंड | फूल सिंह बरैया |
| मध्य प्रदेश | टीकमगढ़ | पंकज अहिरवार |
| मध्य प्रदेश | सीधी | कमलेश्वर पटेल |
| मध्य प्रदेश | मंडला | ओमकार सिंह मरकाम |
| मध्य प्रदेश | देवास | राजेंद्र मालवीय |
| मध्य प्रदेश | धार | राधेश्याम मुवेल |
| मध्य प्रदेश | खरगोन | पोरलाल खरते |
| मध्य प्रदेश | बैतूल | रामू टेकाम |
| मध्य प्रदेश | सतना | सिद्धार्थ कुशवाहा |
| राजस्थान | बीकानेर | गोविंद राम मेघवाल |
| राजस्थान | चूरू | राहुल कस्वां |
| राजस्थान | झुंझुनू | बृजेंद्र ओला |
| राजस्थान | अलवर | ललित यादव |
| राजस्थान | भरतपुर | संजना जाटव |
| राजस्थान | टोंक सवाई माधोपुर | हरीश चंद्र मीणा |
| राजस्थान | जोधपुर | करण सिंह उचियारड़ा |
| राजस्थान | जालौर-सिरोही | वैभव गहलोत |
| राजस्थान | उदयपुर | ताराचंद मीणा |

## 31 पर लड़ेगी भाजपा, 13 सीटें शिवसेना के नाम!

### महाराष्ट्र में बन गई बात, अमित शाह ने करा दी डील

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन यानी भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार कैंप) के बीच सीट शेयरिंग पर मुहर लगने की खबरें हैं। हालांकि, अब तक किसी ने भी आधिकारिक तौर पर आंकड़ों का खुलासा नहीं किया, लेकिन अटकलें हैं कि तीनों दल राज्य 48 सीटों पर उम्मीदवारों को उतारने के लिए तैयार हैं। भाजपा मंगलवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कैंप के सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि भाजपा 31, शिवसेना 13 और एनसीपी 4 सीटों पर लड़ेगी। सूत्रों ने कहा, महायुति गठबंधन समझौते पर पहुंच गया है, जहां भाजपा 31 सीटों, शिवसेना 13 और अजित पवार की एनसीपी 4 सीटों पर लड़ेगी। पवार को बारामती, शिरूर और रायगढ़ के साथ-साथ परभणी भी दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिवसेना 13 सीटों पर मैदान में उतरेगी, जिसके बदले में भाजपा को मुंबई की 5 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का मौका मिलेगा। खबर है कि शिंदे सेना ने उत्तर-पश्चिम मुंबई सीट के स्थान पर ठाणे सीट चुनी है। इसे सीएम शिंदे का गढ़ भी माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक, डील के तहत शिंदे सेना दक्षिण मध्य लोकसभा सीट से मैदान में उतरेगी। फिलहाल, यहां से राहुल शेवाले सांसद हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

### अहमदाबाद में 85 हजार करोड़ की योजनाओं का किया इनॉगरेशन

### साबरमती में कोचरब आश्रम का उद्घाटन, मास्टर प्लान का शुभारंभ




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद में 85 हजार करोड़ रुपए की रेल प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन किया। उन्होंने देशभर के विभिन्न राज्यों से चलने वाली 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने साबरमती आश्रम में कोचरब आश्रम का उद्घाटन किया और गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा- पूज्य बापू का ये साबरमती आश्रम हमेशा से ही एक अप्रतिम ऊर्जा का जीवंत केंद्र रहा है। जब-जब यहां आने का अवसर मिलता है, तो बापू की प्रेरणा हम अपने भीतर स्पष्ट रूप से अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने कहा- आज 12 मार्च की ऐतिहासिक तारीख भी है।

#### 5 एकड़ में सिमट गया था साबरमती आश्रम

अभय घाट में अपने संबोधन में उन्होंने कहा- साबरमती आश्रम 120 एकड़ में फैला था, जो धीरे-धीरे अतिक्रमण के चलते 5 एकड़ जमीन में सिमट गया था। एक समय यहां छोटे-बड़े 63 घर बन गए थे। हमने यहां की 55 एकड़ जमीन मुक्त करवाई। पहले की सरकारों ने यहां की विरासत को बचाने की कोशिश ही नहीं की। इसका कारण उनकी तुष्टीकरण की नीति थी। इसी के चलते हमारे देश की महान धरोहर ऐसे ही तबाह होती चली गई। अतिक्रमण, अस्वच्छता और अव्यवस्था ने हमारे देश की महान विरासत को घेर रखा था, जिसे मुक्त कराने का हमारा अभियान जारी है।

## तमिलनाडु में और मजबूत हुआ भाजपा का कुनबा

- **लोकसभा चुनाव से पहले मिला एक और पार्टी का साथ**

**चेन्नई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। अब तमिलनाडु में टीटीवी दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कझगम पार्टी का साथ भी भाजपा को मिल गया है। एआईएडीएमके से अलग होकर दिनाकरन ने अपनी नई पार्टी बनाई थी। दिनाकरन ने आने वाले आम चुनाव में भाजपा के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। दिनाकरन और शशिकला को 2017 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। दिनाकरन ने कहा, हम ऐलान करते हैं कि हमारी पार्टी का भाजपा केसाथ गठबंधन हो गया है। तमिलनाडु के विकास और केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए हम बिना किसी शर्त के भाजपा के साथ गठबंधन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एआईएडीएमके के एक और निष्कासित नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम भी भाजपा गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। एआईएडीएमके के महासचिव एडापड्डी पलानीस्वामी के खिलाफ खड़ होने के लिए ओ पनीरसेल्वम पहले भी भाजपा के समर्थन की बात कह चुके हैं। पार्टी से निष्कासित तीनों ही नेता थेवार समुदाय से आते हैं। तमिलनाडु के दक्षिणी इलाकों में इनकी अच्छी आबादी है। वैसे तो यह वर्ग एआईएडीएमके का पुराना समर्थक रहा है।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा 15 से, पौने चार लाख होंगे शामिल, सेंटर कोड आज होगा जारी

## एक घंटे पहले अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा

**पटना, एजेंसी।** तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का सेंटर कोड बुधवार को जारी होगा। 15 मार्च को होने वाली पहली पाली की परीक्षा के लिए 415 केन्द्र बनाए गए हैं। पहली पाली की परीक्षा के लिए 2.14 लाख अभ्यर्थी ने आवेदन किया। वहीं दूसरी पाली में 1.60 लाख अभ्यर्थियों के लिए 277 केन्द्र बनाए गए हैं। पटना में 30 के केन्द्रों पर परीक्षा होगी। माध्यमिक की परीक्षा के लिए नई तिथि जारी नहीं की गई है। वहीं उच्च माध्यमिक की परीक्षा कब होगी इसकी भी घोषणा अबतक नहीं हुई है। तीसरे चरण में शिक्षकों की 87,774 पदों पर नियुक्ति होनी है। जांच तीन स्तरों पर होगी आयोग के अधिकारी ने बताया



कि इसबार भी परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की जांच तीन स्तरों पर होगी। केन्द्र पर बॉयोमेटिक्स उपस्थिति के साथ-साथ फेस और आंख की पुतली की जांच की जाएंगी। इसके बाद ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिलेगा। आयोग के अधिकारी ने बताया कि शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को बैठना महंगा पड़ सकता है।

अपने बदले दूसरे अभ्यर्थी को बैठाने वालों पर सीधे प्राथमिकी के आदेश दिए गए हैं। साथ ही साथ आयोग की परीक्षा से हमेशा के लिए निष्कासित भी कर दिया जाएगा। दूसरे चरण में ऐसा करने वाले 55 अभ्यर्थियों हमेशा के लिए परीक्षा से निष्कासित किया गया था।

### एक घंटे पहले अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा

अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर एक घंटा पहले आना होगा। समय पर नहीं आने पर प्रवेश नहीं मिलेगा। इसबार सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष से परीक्षा की मॉनिटीरिंग होगी। बीपीएससी से भी सभी केन्द्रों की निगरानी होती रहेगी। अभ्यर्थी पर सीधे कार्रवाई होगी।

### डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के लिए 15 तक भरें फॉर्म

डीएलएड परीक्षा वर्ष 2024 के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। बिहार बोर्ड से डीएलएड प्रशिक्षण सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष एवं सत्र 2022-24 के द्वितीय वर्ष की परीक्षा में शामिल होने वाले आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा करने की तिथि 12 से 15 मार्च तक है। विलंब शुल्क के साथ 16 से 21 मार्च तक भरा जाएगा। जिनका परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा है, लेकिन आवेदन पत्र जमा नहीं है, ऐसे संबंधित संस्थान के प्राचार्य लंबित परीक्षा आवेदन पत्र एंव शुल्क विस्तारित अवधि में जमा कराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में महिलाएं भी कर रही शराब तस्करी, साढ़े तीन लाख की दारू के साथ लेडी तस्कर गिरफ्तार



**भभुआ, एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद देसी-विदेशी शराब तस्करी का धंधा जोरों से चल रहा है। और अब इस धंधे में महिलाओं की भी एंट्री हो गई है। ताजा मामला सामने आया है। भभुआ जिले से जहां उत्पाद पुलिस ने सोमवार को ककरैत घाट से साढ़े तीन लाख की शराब के साथ महिला तस्कर व स्वीफ्ट कार चालक को गिरफ्तार किया। पुलिस को जांच करते देखते ही चालक कार को तेज गति से भगाने लगा। इशारा करने पर भी वो नहीं रूका। पुलिस ने पीछा कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के डिहवां निवासी गौरव सिंह की 23 वर्षीया पत्नी रिया सिंह और कार चालक समस्तीपुर जिला के विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के आलमपुर सिमटी निवासी मो. अली के 36 वर्षीय पुत्र मो. फिरोज शामिल हैं। इसकी पुष्टि ककरैत चेकपोस्ट के पदाधिकारी भरत झा ने की पूछताछ के दौरान महिला तस्कर ने कई वैसे लोगों के नामों का खुलासा किया है, जो इस कारोबार में शामिल है। उसने यह भी बताया कि वो इस रास्ते से दो बार पहले भी शराब की खेप ले गई थी। पुलिस ने बताया कि वाहन जांच अभियान चल रहा था। इसी दौरान यूपी की ओर से कार आती दिखी। रोकने का इशारा किया गया, तो चालक तेज गति से गाड़ी लेकर भागने लगा। पकड़कर जांच की गई, तो कार में छुपाकर रखी 2384 पीस विदेशी शराब मिली। बरामद शराब का बाजार मूल्य 3 लाख 49 हजार 296 रुपया है। महिला ने बताया कि वह हरियाणा से रविवार की शाम चार बजे चली थी।

### बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक के पढ़ाई का खर्च देगी बिहार सरकार



**पटना, एजेंसी।** केंद्र सरकार के द्वारा लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बालिका समृद्धि योजना आदि कई योजनाएं चलायी जा रही हैं. हालांकि, लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा भी कई स्तरों पर पहल की जा रही है. बिहार में कन्या उत्थान योजना चलायी जा रही है. योजना के तहत सरकार की तरफ से बच्ची के जन्म से लेकर ग्रेजुएशन की पढ़ाई तक का खर्च दिया जाता है. इस योजना के तहत करीब 94 हजार से ज्यादा की राशि समय-समय पर बच्ची के विकास के लिए दिया जाता है. राज्य सरकार के द्वारा सबसे पहले बच्ची के जन्म पर दो हजार रुपये की राशि उसके लालन-पालन के लिए दिया जाता है. फिर एक साल पूरा होने पर बच्ची के अभिभावकों को एक हजार रुपये की राशि दी जाती है. सरकार के द्वारा बच्ची के वैक्सीनेशन के लिए भी दो हजार रुपये दिया जाता है. इसके बाद, स्कूल के पोशाक के लिए कक्षा एक से 12 तक 3700 रुपये दिया जाता है. बच्ची के दसवीं पास करने पर दस हजार रुपये और 12वीं पास करने पर 25 हजार रुपये दिया जाएगा. जबकि, ग्रेजुएशन पास करने पर 50 हजार की राशि मिलती है. जबकि, किशोरी स्वास्थ्य योजना के लिए हर साल 300 रुपये सैनिटरी नैपकिन के लिए कक्षा सात से 12वीं तक दिया जाता है.

### बिहपुर : पेड़ से गिरी महिला, घायल

**भागलपुर/बिहपुर, एजेंसी।** छह मार्च को झंडापुर ओपी अंतर्गत झंडापुर हरिजन टोला में सहजन का पेड़ काटने के दौरान पेड़ महिला के उपर गिरने से उसका पैर टूट गया। महिला के पति मुसन राम उसे बिहपुर पीएचसी लाया गया। जहां से उसे प्राथमिकी उपचार के बाद मायागंज रेफर कर दिया गया। सोमवार को महिला पति मुसन राम ने झंडापुर ओपी में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी। ओपी प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# सीएए के लागू होते ही बिहार में अलर्ट: पटना समेत सीमांचल के इलाकों में बढ़ाई गई चौकसी



**पटना, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आज देश भर में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू कर दिया है। इसके बाद से पटना समेत पूरे बिहार में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। खासकर सीमांचल और बॉर्डर वाले इलाकों में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। असामाजिक तत्वों की ओर से माहौल को बिगाड़ न पाएं, इसके लिए सभी थानों को अपने इलाके में पैनी नजर बनाए रखने को कहा गया है। यह अलर्ट बिहार पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी किया गया है। सोमवार की शाम इसकी पुष्टि एडीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय सिंह ने की है।

### सोशल मीडिया पर पैनी नजर

अलर्ट जारी होने के बाद पटना पुलिस भी एक्टिव हो गई है। डीआईजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा ने राजधानी समेत पूरे जिले के थानेदारों को अपने इलाके में लगातार पेट्रोलिंग करने का आदेश दिया है। संवेदनशील जगहों पर नजर रखने को कहा है। इसके अलावा पटना पुलिस की टीम सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्मों पर भी नजर रख रही है।

## सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर

ताकि, किसी भी भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट या मैसेज को लोगों के बीच वायरल होने से रोका जा सके। बता दें कि सीएए के लागू होने के बाद बिहार के अलावा दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### चिराग पासवान ने केंद्र के फैसले का किया स्वागत

जमुई सांसद व लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सीएए के नोटिफिकेशन का स्वागत किया है। इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। कहा है कि पिछले कई दशकों से देश की राजनीतिक पार्टियों ने सीएए के नाम पर लोगों को गुमराह किया गया। हम सभी जानते है की सीएए नागरिकता देने वाला कानून है। इसके माध्यम से दशकों से पीड़ित शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन मिलेगा और नागरिकता अधिकार से उनके सांस्कृतिक, भाषिक, सामाजिक पहचान की रक्षा होगी। मैं और मेरी पार्टी केंद्र सरकार की ओर से देशहित में लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत एवं अभिनंदन करते है।

### तेजस्वी ने मोदी सरकार को घेरा

वहीं, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने देश में सीएए लागू करने के बाद कहा है कि मोदी सरकार ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए चुनाव पूर्व नित नए प्रपंच रचती है। हेडलाइन मैनेजमेंट करती है। 10 वर्षों में जनता इन्हें अच्छे से जान और पहचान चुकी है। इस बार जनता मुद्दों पर मतदान कर अपने वोट की चोट से झूठ बोलने, भ्रम फैलाने और नफरत बांटने वालों को सजा देगी।

### 2019 में हुआ था हंगामा

सीएए और एनआरसी को लेकर 2019 में दिल्ली समेत पूरे देश में हंगामा और धरना-प्रदर्शन का दौर चला था। उस दौरान पटना समेत पूरे बिहार में भी जबरदस्त हंगामा हुआ था। पटना में डाक बंगला चौराहे को घेरा गया था। अशोक राजपथ पर प्रदर्शन हुए थे। इसके अलावा मोतिहारी, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर, दरभंगा, कटिहार, किशनगंज समेत सीमांचल के पूरे इलाके में विरोध प्रदर्शन हुआ था। बिहार पुलिस मुख्यालय ने पूर्व के हंगामा और प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए ही सीएए को देश भर में लागू किए जाने के बाद आज राज्य में अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों के एसएसपी/एसपी को चौकसी बरतने के लिए खास निर्देश दिया गया है। मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है।



## बूमर को तोड़ती हुई कार रेलवे ट्रैक पर रुकी, बड़ा हादसा टला

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर।** मुजफ्फरपुर-मोतिहारी रेलखंड के मोतीपुर साहेबगंज स्थित 124 बी गुमटी पर सोमवार की रात बूमर गिराने के दौरान एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बूमर दो भागों में बंट गया। उसके बाद कार रेलवे ट्रैक पर जाकर रुक गयी। गनीमत रही कि कोई ट्रेन पास नहीं कर रही थी। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंचे आरपीएफ मोतिहारी के एएसआई शैलेंद्र कुमार सिंह दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है। वहीं इंजीनियरिंग सेक्शन के कर्मियों ने टूटे बूमर को दुरुस्त किया। उसके बाद करीब पौने घंटा बाद आवागमन चालू हुआ। गेटमैन पंकज कुमार ने बताया कि अप पोरबंदर एक्सप्रेस आने की सूचना पर गुमटी बंद करने के लिए बूमर गिरा रहा था। इसी बीच साहेबगंज की ओर से आई कार ने बूमर को तोड़ती हुई रेललाइन के ट्रैक पर रुक गई। एसएस आशुतोष कुमार ने बताया कि कुछ घंटे के लिए आवागवन बाधित रहा। स्लाइडर बूमर के सहारे गुमटी को बंद कर ट्रेनों को पास कराया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार जब्त कर ली गयी है। चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## ट्रैक में गड़बड़ी के चलते थम गई आधा दर्जन ट्रेनें लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा



**दानापुर, एजेंसी।** बिहार के दानापुर रेल मंडल के खुसरूपुर में रेल ट्रैक पर गड़बड़ी की आशंका की वजह से एक घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा। दरअसल, हावड़ा दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस के लोको पायलट को ट्रेन के गुजरने से पहले ट्रैक में गड़बड़ी का एहसास हुआ। उसने मौके पर ही ट्रेन की गति धीमी कर उसे रोका। मामला सोमवार की शाम करीब 0355 बजे खुसरूपुर स्टेशन के पास का है। ड्राइवर ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद रेल पथ निरीक्षक की टीम ने मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान हावड़ा दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस (12273 अप) खुसरूपुर में करीब एक घंटा रुकी रही, जहां अप मेन लाइन की पटरी में खराबी की आशंका की वजह से पीछे से आ रही विक्रमशिला एक्सप्रेस, धनबाद पटना इंटरसिटी समेत आधा दर्जन ट्रेनों को जहां-तहां रोकना पड़ा। इंजीनियरिंग विभाग की टीम पहुंची, फिर पटरी को जांच कर ट्रेन को रवाना किया।

दरअसल, हावड़ा दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन में लोको पायलट रामनाथ एवं सहायक लोको पायलट साहिद अली (आसनसोल मुख्यालय) की ड्यूटी लगी थी। लोको पायलटों को दूर से पटरी के टेढ़ा होने का एहसास हुआ। ट्रेन में कंपन की आंशिक अनुभूति होते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और इसकी जानकारी स्टेशन प्रबंधक को दी। टीम मौके पर पहुंची और पटरी की जांच की। दानापुर रेलवे के एक अफसर ने कहा कि खुसरूपुर के पास पटरी की मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। सूचना पहले ही इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने परिचालन विभाग को दे दी थी। मामले में डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने ट्रैक में गड़बड़ी से इनकार किया है।

# रिलायंस ज्वेलर्स लूट कांड में अब तक सुराग नही:12 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## पटना के बेऊर जेल में बंद दो गैंगस्टर से कई राउंड पूछताछ




**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर शहर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेलर्स शोरूम में हुई 8 करोड़ के जेवरात लूट के 12 दिन गुजर चुके हैं। जिला पुलिस के साथ ही राज्य एसटीएफ की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर खाक छान रही है लेकिन उसे अब तक सफलता नहीं मिली है। जबकि जिला पुलिस के साथ ही घटना के दूसरे दिन यानी 1 मार्च को समस्तीपुर पहुंचे दरभंगा परिक्षेत्र के डीआईजी बाबूराम ने भी गिरोह की पहचान कर लेने का दावा किया था। लेकिन इस मामले में अब तक किसी भी बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। हालांकि, इस दौरान कई लोगों को पुलिस उठाकर पूछताछ कर चुकी है। लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल भी उठने लगा है। एएसपी संजय पांडेय का दावा है कि इस लूटकांड में बहुत जल्द ही उन्हें सफलता मिलने वाली है। गिरोह की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जेल में भी बदमाशों से की गई पूछताछ

जिला पुलिस और राज्य एसटीएफ की टीम बदमाशों के करीब पहुंचने के लिए समस्तीपुर मंडल कारा के साथ ही पटना के बेऊर जेल में बंद जिले के कुख्यात अपराधी के साथ मोकामा के एक गैंगेस्टर से पूछताछ की जा चुकी है। बताया गया है कि उसका सरगना इन दोनों रहकर कई लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है खासकर स्वर्ण व्यवसायी उसके निशाने पर रहे हैं। उसे अपराधी के संबंध अब राज्य के अलावा दूसरे राज्यों के भी बड़े अपराधियों गिरोह से हो चुका है माना जा रहा है कि इस घटना में इस अपराधी ने लाइनर की भूमिका निभाई है जबकि बाहरी अपराधियों को बुलाकर इस घटना कांड कौन जाम दिलाया गया है क्योंकि घटना के दौरान कई अपराधी मुंह खोले हुए थे जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि वह बाहर के होंगे जबकि तीन अपराधी ने मुंह बांध रखा था जिसे यह माना जा रहा है कि तीनों अपराधी समस्तीपुर के रहने वाले हैं।

### मुसरीघरारी चौक पर ले सीसीटीवी से सुराग

28 फरवरी की रात करीब 8 बजे हथियार बंद बदमाशों ने शहर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेलर्स में लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश करीब 10 किलो से अधिक का सोना और हीरे का जेवरात ले गए थे। जिसका बाजार मूल करीब 8 करोड़ रुपए से अधिक होगा। इतनी बड़ी राशि होने के बाद इस मामले में राज्य एसटीएफ की टीम को भी लगाया गया है। बताया गया कि पिछले तीन दिनों से राज्य एसटीएफ की टीम समस्तीपुर जिला के अलावा बेगूसराय पटना के बाढ़ मुजफ्फरपुर आदि कई दियारा इलाके में छापेमारी कर रही है।

### एएसपी क्या कहा

समस्तीपुर के एएसपी संजय पांडे ने कहा कि इस घटना को पेशेवर बदमाशों ने अंजाम दिया था। कुछ मिले सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की पहचान की कोशिश की जा रही है। जिला पुलिस की स्पेशल टीम के साथ ही राज्य एसटीएफ की टीम लगातार काम कर रही है। गिरोह की पहचान कर ली गई है जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## श्रीरामपुर में महिला को बेघर का आरोप

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** नपं अकबरनगर के श्रीरामपुर स्थित वार्ड आठ में भूमि विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट कर बेघर करने कर दिया। महिला ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही चार लोगों को नामजद किया है। महिला सिंधु देवी ने बताया कि सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे श्रीरामपुर निवासी तीन लोग व शाहकुंड के गोरगम्मा निवासी एक आरोपी ने मारपीट कर बेघर कर दिया। भूमि विवाद को लेकर अक्सर ये मारपीट करते रहते हैं। साथ ही मेरे पति के 16 बीघे के खेत में लगाये गए सरसों, गेहूं, मसूर की फसल को जबरिया लूट लिया। मारपीट के कारण घर छोड़ कर सबौर में किराए के मकान में रहती हूं। डरी सहमी महिला थाना में चारों को नामजद आरोपित किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रोहित रितेश ने बताया कि मामला भूमि विवाद से जुड़ा है। महिला के आवेदन मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

## बगहा में शराब लदा पिकअप लोगों में शराब लूटने की होड़



**चाणक्य भूमि, बेतिया।** धनहा थाना के रंगलाही गांव के समीप शराब से भरी पिकअप के पलटने के बाद के ड्राइवर द्वारा छोड़कर भाग गया (जिसके बाद लोगों द्वारा शराब लूटने की होड़ लग गई। पिकअप में शराब लोड कर यूपी के रास्ते शराब को बिहार लाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार शराब लुटने वाले लोगों की पहचान की जा रही है और शेष बची शराब की बोतलों को जब्त कर लिया गया है पुलिस जप्त शराब को थाने लाकर अग्रतर कारवाई में जुट गयी है।

## शिक्षक द्वारा पढाई के दौरान अश्लील हरकत का मामला आया सामने



**चाणक्य भूमि बगहा।** एक बार फिर गुरु शिष्या के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है।इस संबंध में मध्य विद्यालय नरकटियागंज के चार छात्राओं ने बेतिया एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। छात्राओं ने अपने आवेदन में लिखा है कि विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा पढाई के दौरान अश्लील हरकतें की जाती हैं। कभी शिक्षक छात्रों के गाल पर खल्ली से कुछ लिख देते हैं। तो कभी खल्ली चलाकर उनके शरीर पर मार देते हैं। छात्राओं से उक्त शिक्षक उनका मोबाइल नंबर मांगते हैं और नहीं देने पर विद्यालय से नाम काटने की धमकी देते हैं। छात्राओं ने प्रधान शिक्षक पर भी उक्त शिक्षक का समर्थन करने का आरोप लगाया है उनके द्वारा कहा गया कि जब उनलोगों ने उनसे शिकायत की तो उन्होंने भी डांटते हुये कहा कि अगर पढ़ना है तो पढ़ो, नहीं तो नाम कटवाकर घर जाओ। इसके बाद जब परिजन शिकायत करने के लिए विद्यालय पहुंचे तो प्रभारी एचएम शिकायत न सुनते हुए उल्टे परिजनों से उलझ गए और पुलिस को बुला लिया। प्रभारी एचएम अपने पद का दुरुपयोग कर शिकारपुर थाना में मारपीट, सरकारी कार्यों में बाधा तथा दलित उत्पीड़न का केस कर उनके परिजनों तथा गांव के लोगों को झूठे केस में फंसा दिया है। छात्राओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## चुहड़ी पंचायत के मुखिया प्रभात कुमार के खिलाफ एफआईआर

**संवाद सूत्र।** चुहड़ी पंचायत के मुखिया प्रभात कुमार के खिलाफ पटना में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने FIR दर्ज की है। मुखिया पर फर्जी जॉब कार्ड बनवाकर अपने संबंधियों और करीबियों के नाम से बैंक में खाता खुलवाकर मनरेगा योजना के रुपए निकालने का आरोप है। मामले का खुलासा परमजीत कुमार ने पिछले साल ही किया था। उन्होंने पटना हाईकोर्ट में एक अपील कर पूरे मामले की जाँच की बात कही थी। 15 फरवरी को हाईकोर्ट ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को पूरे मामले की जाँच कर कारवाई करने का आदेश दिया।

## नगर के विकास के लिये लगातार योजनाओं का शिलान्यास कर रही महापौर

### आज कुल 76,80,460 खर्च वाली आठ विकास योजनाओं काहुआशिलान्यास

**चाणक्य भूमि बेतिया।** नगर निगम क्षेत्र में कुल 59.76 लाख लागत वाली छह योजनाओं का शिलान्यास महापौर गरिमा देवी सिकारिया द्वारा किया गया। इन योजनाओं से नजरबाग पार्क, उत्तरवारी पोखरा के चिल्ड्रेन पार्क और अफसर कॉलोनी पार्क का सौंदर्यीकरण सबसे प्रमुख है। इसके अतिरिक्त पीसीसी और पेबर ब्लॉक सड़क की 17.03 लाख वाली तीन योजनाओं का उद्घाटन भी समारोह पूर्वक किया गया। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि शीघ्र ही नगर निगम क्षेत्र के सभी पार्क और सड़कों की सुधरेगी। सार्वजनिक स्थानों पर जन सुविधाओं की सुलभता के साथ सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। नजरबाग में क्षतिग्रस्त झूला व अन्य संसाधनों की मरम्मती-सौंदर्यीकरण के साथ उत्तरवारी पोखरा पार्क और अफसर कॉलोनी पार्क की सूरत सवरेगी। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि वार्ड 17 अवस्थित नज़रबाग़ पार्क का 8,68,800 की लागत से सौन्दर्यीकरण के साथ समर्सिबुल बोरिंग केबलिंग पाईप का शिलान्यास कार्य स्थानीय पार्षद रोहित कुमार सिकारिया की उपस्थिति में संपन्न किया गया। इसके साथ ही नज़रबाग़ पार्क के पास 9,04,760 लागत से बारह सीट का सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य का शिलान्यास संपन्न हुआ। साथ ही वार्ड 04 में बेतिया नगर निगम अन्तर्गत उतरवारी पोखरा पार्क का विस्तृत सौंदर्यीकरण के साथ समर्सिबुल बोरिंग का केबलिंग पाईप लगाने का 13,72,700 रूपये से शिलान्याश स्थानीय प्रसिद्ध डॉक्टर अनुराधा खेमका सिन्हा की उपस्थिति में किया। वार्ड 26 के ऑफिसर कॉलोनी पार्क का 14,93,000 की लगत वाली सौन्दर्यीकरण योजना के साथ समर्सिबुल बोरिंग केबलिंग पाईप सहित कार्य का शिलान्यास महापौर के द्वारा किया गया। वही वार्ड 07 में 10,89,900 की लागत से टीनू सर्राफ के घर के पास पुलिया एवं एप्रोच का निर्माण कार्य का शिलान्यास स्थानीय पार्षद मनोज कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वार्ड 07 में ही शैलेन्द्र कुमार के घर से वीरेन्द्र प्रसाद के दवा वाले के घर तक 2,47,400 की लागत से सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास महापौर के द्वारा किया गया।इसके बाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 11 की पार्षद शकीला खातून के सहयोग से 6,36,200 की लागत से कब्रिस्तान के दक्षिण तरफ से वजीर साह के बाउन्ड्री एवं नजीब अंसारी लॉज होते हुए धर्मशाला तक सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन महापौर के द्वारा किया गया। इसके बाद वार्ड 32 में पार्षद जोहरा खातून के सहयोग से 10,67,700 की लागत से डा. लाल बाबू प्रसाद के घर से डा. मुस्तफा के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कनीय अभियंता सुजय सुमन, सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार, पार्षद मनोज कुमार, रोहित सिकारिया, शकीला खातून, सुशील गुप्ता के साथ आजाद हुसैन, सुदामा साह, टीनू सर्राफ, अरुण जोशी, प्रमोद व्यास, संजय उदयपुरिया, नवेंन्दु चतुर्वेदी इत्यादि मौजूद रहे।

## दिल्ली में नमाजियों के प्रति अपमान और हिंसा के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

**बेगूसराय।** भाकपा माले कार्यालय कमलेश्वरी भवन से जिलासचिव दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में झंडा-बैनर के साथ मार्च निकला जो कैंटीन चौक समाहरणालय द्वार पर सभा में परिणत हो गया। सभा को संबोधित करते हुए जिलासचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि दिल्ली पुलिस के द्वारा नमाज पढ रहे युवकों पर जो लात मारा गया है।

# बेगूसराय जिला परिषद के उपाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार सिंह हुए निर्वाचित!

चाणक्य भूमि। बेगुसराय



मंगलवार को कलेक्ट्रेट के कारगिल विजय सभागार भवन में जिला परिषद उपाध्यक्ष का चुनाव शांति पूर्ण ढंग से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम रोशन कुशवाहा ने संपन्न कराई ! इस चुनाव में जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष नंदलाल राय और जिप क्षेत्र संख्या 19 सिमरिया के राजीव कुमार सिंह ने जिप उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था ! नामांकन करने के बाद जिप के कुल 33 सदस्यों ने मतदान किया ! जिप के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान और जिप क्षेत्र संख्या 17 के जिप सदस्य प्रवीण शेखर इस चुनाव में अनुपस्थित रहे ! चुनाव संपन्न कराने के बाद जब मतगणना कराया गया तो जिप क्षेत्र संख्या 19 के सदस्य राजीव कुमार सिंह को 23 मत प्राप्त हुए ! वहीं नंदलाल राय को मात्र 10 मत मिला ! उसके बाद डीएम ने राजीव कुमार सिंह को निर्वाचित घोषित करते हुए उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया ! डीएम नए जिप के उपाध्यक्ष को जीत का प्रमाण पत्र देने के बाद उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलवाई ! नए जिला परिषद उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह के बनने के बाद जिले के लोगों में खुशी का माहौल है।-- जिप के सदस्य राजीव कुमार सिंह के जिप के नए उपाध्यक्ष बनने की खबर मिलते ही लोगों में जश्न का माहौल है ! इस जीत की खुशी में राजीव को चाहने वाले उनके समर्थक जीत की खुशी में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया ! जिप के दर्जनों सदस्य ने उन्हें माला पहनाकर उन्हें गले लगाया और उनके जीत की खुशी से सभी सदस्य झूम उठे !कई जिप के सदस्यों ने यह बताया कि उपाध्यक्ष का परिवर्तन होना बहुत जरूरी था ! क्योंकि जिप के उपाध्यक्ष अपने कार्यालय को जदयू( पार्टी) का कार्यालय बना रखा था। जिस कारण उन पर अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें कुर्सी से बेदखल किया गया था । और जब चुनाव आयोग के आदेश पर फिर से चुनाव हुए तो अब राजीव कुमार सिंह चुनाव जीत कर जिप का उपाध्यक्ष बने। इनके उपाध्यक्ष बनने से जिला परिषद के सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास होगा ! लाख कोशिशें के बाद भी पूर्व उपाध्यक्ष नंदलाल राय ने अपनी कुर्सी गवा दी। राय ने अपनी कुर्सी बचा पाने में असफल रहे ! राय के अनुसार परिषद के सदस्यो की नाराजगी के कारण मेरी हार हुई ! इसलिए मात्र उन्हें 33 जिला परिषद के सदस्यों में से 10 ही मत प्राप्त हुआ !कई जिला परिषद के सदस्यों ने उन्हें आश्वासन देकर फिर से चुनाव में खड़ा करवाया था, जो वोट नहीं दिया, और वह हमें ठग लिया ! उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के विकास और जनता के ज्वलंत समस्याओं को हम सदन में हमेशा उठाते रहेंगे !

## सरकारी स्तर पर खराब चापाकल मरम्मत के लिये टीम गठित

चाणक्य भूमि। बेगूसराय

खराब सरकारी चापाकलों को ठीक करेगा मरम्मति दलगर्मी के मद्देनजर जिलावासियों को पेयजल की सुगम व्यवस्था मुहैया कराने हेतु जिलाप्रशासन द्वारा कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। इस निमित आज अधीक्षण अभियंता, लोक स्वा० अभियंत्रण अंचल, बेगूसराय श्री चन्द्रभुषण की उपस्थिति में जिलाधिकारी महोदय श्री रौशन कुशवाहा द्वारा चापाकल मरम्मति दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अब तक के प्राप्त सर्वेक्षण के अनुसार लोक स्वा० प्रमंडल, बेगूसराय अन्तर्गत 246 चापाकल एवं लोक स्वा० प्रमंडल, तेघड़ा अन्तर्गत 251 कुल 497 चापाकलों को एक माह के अंदर मरम्मति कर सुचारू से कार्यरत करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिले में कुल-20776 चापाकलों की संख्या है। मरम्मति दल में 01 मिस्त्री, 02 हेल्पर आवश्यक संसाधनों के साथ प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक पंचायतों में 02 (दो) दिनों तक भ्रमणशील रहकर मरम्मति का कार्य सुनिश्चित करेंगे।चापाकलों के मरम्मति हेतु बंद अकार्यरत चापाकलों की विवरणी कनीय अभियंता अपने-अपने माननीय सांसद, मानीय विधायक, माननीय विधान परिषद् एवं संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया से सम्पर्क कर प्राप्त करेंगें। मरम्मति कार्य हेतु अनुसूचित जाति /जनजाति बसावटों, विद्यालयों, आँगनबाड़ी केन्द्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अकार्यरत चापाकलों की मरम्मति को प्राथमिकता दी जाय।प्रति पंचायत दो मरम्मति दल रोस्टर के अनुसार एक पंचायत में सभी बंद चापाकलों की मरम्मति करते हुए Social Certification के साथ फोटोग्राफ को विभागीय चापाकल मरम्मति Portal पर Upload संबंधित सहायक अभियंता के द्वारा किया जाएगा। मरम्मति दल के सुपरवाईजर का दायित्व होगा की संबंधित पंचायत के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर सभी अकार्यरत चापाकलों को मरम्मति करते हुए प्रतिवेदन प्रतिदिन नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। बिना मरम्मति योग्य चापाकल जिसकी मरम्मति नही हो सकती है को विभागीय निर्देशानुसार उखाड़ते हुए सामग्री एवं सूची कार्यलय को साप्ताहिक रूप से उपलब्ध करायेंगे।जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या- 06243-358334 नोटः- सुबह 10:00 बजे पूर्वाह्न से संध्या 06:00 बजे अपराह्न तक।कार्यपालक अभियंता लोक स्वा० प्रमंडल, तेघड़ा।

## दुख की घड़ी में धैर्य और हिम्मत से काम लेः श्यामबिहारी वर्मा



चाणक्य भूमि। छौराही बेगूसराय

छोराही। प्रखंड क्षेत्र के संवत पंचायत अंतर्गत छौराही गांव निवासी सह पत्रकार अंजन कुमार आकाश के निवास स्थान पर मंगलवार को रालोसपा जिला अध्यक्ष श्याम बिहारी वर्मा पत्रकार आकाश की माता के निधन की सूचना मिलते ही पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते कहा कि जीवन और मरण प्रकृति का नियम है यही तो सत्य है जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है। इस धरती पर माता का स्थान सर्वोपरि है माता के बाद ही कोई स्थान दूसरा आता है। मां तो मां है। उन्होंने दुख की घड़ी में धैर्य से काम लेने को कहा और ईश्वर से अमृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते परिवार को दुख की घड़ी में धैर्य से काम लेने को कहा है। मौके पर क्षमा से भी रामनरेश यादव शशिकांत वर्मा अंजेश कुमार महेंद्र महतो समिति अन्य बुद्धिजीवी निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

## भगवानपुर में राज्यसभा सांसद प्रो0 राकेश सिन्हा ने एक योजनाओं का किया शिलान्यास तो एक का उद्घाटन





चाणक्य भूमि। भगवानपुर बेगूसराय

भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक सह वाचनालय मॉडल भवन का उदघाटन करने के लिए राज्य सभा सांसद प्रोफेसर राकेश सिन्हा पहुंचे। उन्होंने प्रखंड मुख्यालय परिसर में अपने सांसद निधि कोष से 10 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक सह वाचनालय मॉडल भवन के निर्माण के लिए अनुशंसा किये थे। वहीं प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामोदरपुर हिंदी में भी उन्होंने अपने सांसद निधि कोष से 12 लाख रुपये की लागत से दो वर्ग कक्षा का शिलान्यास किया। इसके उपरांत उक्त वाचनालय परिसर में भाजपा नेता राजेश कुमार राय व अविनाश कुमार डब्लू एवं विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार के द्वारा आगत अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वहां उपस्थित बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर राकेश सिन्हा ने कहा कि पहली बार जब हम इस विद्यालय में आए थे, तो यहां के बच्चों की शिक्षण व्यवस्था को देखकर मेरा हृदय द्रवित हो गया था। लेकिन सांसद निधि के उपलब्धता के अनुसार हमने दो वर्ग कक्ष विद्यालय को दिया। इन्होंने कहा कि आप तमाम बुद्धिजीवियों का यह दायित्व है कि आप राजसत्ता को अपना अनुगामी बनाएं। यदि जनप्रतिनिधि आपके पुकार को नहीं सुन रहे हैं तो आप उन्हें नकारने का काम करें। उक्त मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बलराम सिंह, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सह मुखिया सोनू तांती, पूर्वी मंडल अध्यक्ष महेंद्र महतों, सेवानिवृत डीएसपी सुनील कुमार, विवेक गौतम, पूर्व प्रमुख शत्रुघ्न कुमार, पूर्व जीप सदस्य पंकज पासवान, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार, अजय चैधरी, संजय कुमार पहलवान,भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सह पंसस टुनटुन कुमार,विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुशील चौधरी, शिक्षक रामकुमार, जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार, ग्रामीण विश्वनाथ चौधरी, गोपाल चौधरी, सोमेश चौधरी, चंद्रमौली चौधरी, रामबाबू चौधरी, नरेश चौधरी, रामराज चौधरी, सुमित, अमर कुमार, वीरू, बीरबल, विक्रांत हरीनाथ सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## G-22 राष्ट्रो के सानिध्य में श्री महेन्द्र प्रसाद चौरसिया का राजस्थान समरसता अवार्ड 30 मार्च को

चाणक्य भूमि। बेगूसराय



जयपुर भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त के सम्मान में अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एंव राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर शहर में 30 मार्च को G-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान स्थापना दिवस पर श्री महेन्द्र प्रसाद चौरेसिया, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, पक, संस्कृत मध्य विधालय महादेवस्थान संजात, बेगूसराय बिहार, को समाज सेवा व सामाजिक धार्मिक कार्यों में सेवा कार्य के क्षेत्र में राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड से मंच द्वारा सम्मानित किया जायेगा। सचिव सांस्कृतिक ने बताया कि चयन समिति ने कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर चयन किया है। राजस्थान समरसता रत्न प्रतिभा समाज के अनुकरणीय व्यक्तित्व है। प्रतिभा का चयन होने पर अनेक संस्थाओं द्वारा फोन पर मंच कार्यालय में बधाइयाँ दी गई। G-22 समरसता सोशल मिशन यात्रा में सम्मलित सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यो सम्माननीय महामहिम न्यायमूर्ति परमानंद झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार, माननीय इंदिरा राणा मगर उपसभामुख नेपाल सरकार, माननीय कुमारी मुक्तान कैबिनेट मंत्री बागमती प्रदेश नेपाल सरकार, डॉ. गोपाल ठाकुर अध्यक्ष भाषा आयोग नेपाल सरकार, माननीय अब्दुल खान पूर्व मंत्री सभापति उद्योग वाणिज्य समिति नेपाल सरकार, माननीय रेखा यादव सांसद नेपाल, डॉ. शिव माया तुम्बाडफे प्रथम उपसभामुख, माननीय गणेश शाह पूर्व मंत्री नेपाल सरकार, डॉ. विष्णू हरि नेपाल पूर्व राजदूत जापान, माननीय दीपा शर्मा सांसद नेपाल, माननीय प्रभु हजारे नेपाल, माननीय रेखा यादव सांसद नेपाल, माननीय भानु भक्त जोशी सभापति शिक्षा स्वास्थ्य समिति नेपाल सरकार आदि का राजस्थान दिवस पर अभिनन्दन किया जायेगा। भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त पर आयोजित सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान हो, भारत पुनः वैदिक कालीन जगत गुरू के आसन पर पद स्थापित हो, भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् में विर्टो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्ट्रो का नैतिक समर्थन की आशा में प्रेरित अभियान, अयोध्या में संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय हो, श्री विवेक रामा स्वामी भारतीय उद्योगपति अमेरिका को संयुक्त राष्ट्र संघ का नेतृत्व मिले। समारोह का शुभारम्भ 22 राष्ट्रो के राष्ट्र ध्वजो के साथ समरसता रथ, 500 महिलाओ द्वारा समरसता कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया जायेगा। हिन्दू शिवा बैण्ड अपनी राष्ट्र भक्ति का संदेश देंगे, कच्ची छोडी, काल बेलिया नृत्य का आयोजन होगा। रात्री भोज कार्यक्रम में भारत सरकार, राजस्थान सरकार के महननीय एंव प्रबुद्ध व्यक्तियो को आमंन्त्रित किया गया है। विभिन्न राष्ट्रो के राष्ट्र गायन से प्रतिभाओ का अभिनन्दन किया जायेगा। राजस्थान समरसता रत्न प्रतिभा श्री महेन्द्र प्रसाद चौरसिया, को इण्डो-नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा में सम्मलित किया गया है। सम्मेलन को 22 राष्ट्रो भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रेलिया, क्रोएशिया, फिनलैण्ड, तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक, इजराईल, मैकड़ोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल डेनिश श्रीलंका, मालदीव ने अपना नैतिक समर्थन पर अपने-अपने राष्ट्र का राष्ट्र ध्वज प्रदान किया है। प. अजय दाधिच के नेतृत्व में अनेक विद्वानो द्वारा वैदिक मंत्रोचारो से समारोह में प्रतिभाओ को आशीर्वाद प्रदान करेगें।

## चन्दौर गांव स्थित महादलित सामुदायिक भवन परिसर में पशु बांझपन शिविर का हुआ आयोजन




चाणक्य भूमि। भगवानपुर बेगूसराय

भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चन्दौर गांव स्थित महादलित सामुदायिक भवन परिसर में पशु बांझपन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित प्रखंड पशु चिकित्सक प्रभारी डॉ0 प्रभात कुमार ने उपस्थित पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि दुधारु गाय, भैंस बच्चा देने के लिए छह से नौ माह तक तथा बाछी व पारी तीन से पांच साल तक गर्भवती नहीं होती है तो उसे बांझ कहा जाता है। ऐसे पशुपालकों को निश्चित रुप से चिकित्सीय सलाह की आवश्यकता होती है। इस शिविर का उद्देश्य यही है कि उन गाय, भैंस, बाछी व पारी को दुधारु बना कर पशुपालकों को लाभ पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि पशुपालन के बिना कृषि की परिकल्पना करना बेकार है। कृषि कार्यों में पशुपालन करना अनिवार्य है। वहीं प्रखंड प्रमुख इंद्रजीत कुमार ने कहा कि सरकार का यह सराहनीय कदम है। इस शिविर के माध्यम से पशुपालकों को काफी सुविधा मिलेगी। उक्त मौके पर चन्दौर दुग्ध समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेश कुमार, पाड़ा वेट मनोज दास, चमन कुमार, विकास कुमार ग्रामीण गंगा प्रसाद राय, मुकेश कुमार, अंकित कुमार, भवन कुमार सहित दर्जनों पशुपालक उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरौनी पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

चाणक्य भूमि। बरौनी/बेगूसराय



लोकसभा चुनाव को लेकर बरौनी पुलिस प्रशासन ने विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु सोमवार को बरौनी थाना क एस आई बालकृष्ण अत्री के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक पुलिस बल के साथ अपने आधुनिक हथियारो से लैस पैदल फ्लैग मार्च किया । श्री अत्री ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पिपरा देवस, हाजीपुर, ठकुरीचक चौक, असुरारी, बथौली, त्रीगा आदि अपने थाना क्षेत्र से होते हुए अपने थाना पर पहुंचे । फ्लैग मार्च में बरौनी थाना के SIआलमगीर, प्रिया भारती, सरवन कुमार, नवरत्न कुमार, बीटीसी- रमेश कुमार, पप्पू सिंह, आदि मौजूद थे। फ्लैग मार्च को देखने के लिए चौक चौराहे पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई ।

## अपराध की योजना बनाते हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। गढ़हरा बेगूसराय




गढ़हरा ओ०पी० क्षेत्रान्तर्गत एक बड़ी आपराधिक घटना की योजना को पुलिस ने किया विफल । 03 अपराधी गिरफ्तार । 02 देशी कट्टा, 02 जिन्दा कारतूस एवं 01 स्कूटी जप्त । घटना का विवरणः- दिनांक 11.03.24 को गढ़हारा ओ0पी0 को समय करीब 03:45 बजे दिन में सूचना मिली की 03 व्यक्ति एक स्कूटी से गढ़हारा ओ०पी० क्षेत्रान्तर्गत हिन्दुस्तान फिल्ड की ओर जा रहा है जो अवैध हथियार लिए हुए है।प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार गढ़हारा ओ०पी० अध्यक्ष पु०अ०नि० सुमंत चौधरी, स०अ०नि संजीव कुमार एवं सशस्त्र बल गढ़हारा ओ०पी० के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हिन्दुस्तान फिल्ड के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में स्कूटी पर सवार 03 व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। पुछताछ करने पर पकड़ाए व्यक्तियों द्वारा अपना-अपना नाम 01. सौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष पे०-संजय कुमार सा०-बड़हैया, थाना-बड़हैया, जिला-लखीसराय। 02. सौरभ कुमार उम्र 25 वर्ष पे०- गोपाल सिंह सा०-वासुदेवपुर, थाना-मुफसिल, जिला-बेगूसराय एवं 03. आदित्य कुमार उम्र 21 वर्ष पे0 - धर्मेन्द्र सिंह सा०-सिमरिया वार्ड नं0-02, थाना-चकिया ओ०पी० जिला-बेगूसराय बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 02 देशी कट्टा एवं 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। **बरामदगी / जप्ती** :- (01.) देशी कट्टा- 02, (02.) जिन्दा कारतूस 02, (03.) स्कूटी 01 **दर्ज कांडः-** बरौनी थाना (गढ़हारा ओ०पी०) कांड सं0-112/24 दिनांक-11.03.24 धारा-25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट । **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम / पता/अपराधिक इतिहास** :- 01. सौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष पे०-संजय कुमार सा०-बड़हैया, थाना-बड़हैया, जिला-लखीसराय । 02. सौरभ कुमार उम्र 25 वर्ष पे०- गोपाल सिंह सा०-वासुदेवपुर, थाना-मुफसिल, जिला-बेगूसराय। 03. आदित्य कुमार उम्र 21 वर्ष पे०-धर्मेन्द्र सिंह सा०-सिमरिया, थाना-चकिया ओ०पी० जिला-बेगूसराय। छापेमारी टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# गोपालगंज में चार अंतरराज्यीय लुटेरों को गिरफ्तार किया गया

चाणक्य भूमि

जिले के थावे थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहां पुलिस द्वारा दुर्गा मंदिर के पास चलाये गये वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक कार की तलाशी के दौरान हथियार और कारतूस बरामद किया।मिली जानकारी के अनुसार वाहन जांच के दौरान कार सवार चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर गांव निवासी अमजद,



रतनपूरी गांव निवासी अनस, दिल्ली के मंगोलपुर थाना क्षेत्र के निवासी रोहित और सारण के एकमा थाना क्षेत्र के करनपुरा आमडाढी गांव के निवासी जयप्रकाश के रूप मे हुई है। एसपी गोपालगंज स्वर्ण प्रभात के अनुसार "वाहन जांच के दौरान थावे मंदिर के पास अज्ञात अपराधकर्मी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे इसकी सूचना हमे प्राप्त हुई थी सूचना के आधार पर उक्त स्थल पर छापेमारी कर अंतरराज्यीय लुटेरे गिरोह के नौ लुटेरों को गिरफ्तार किया और इनके पास से देसी पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस एवं चोरी की कार बरामद की गई। इसके आगे पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये सभी कुख्यात लुटेरे रहे है, जिसका मुख्य सरगना अमजद है वह राजस्थान में डेढ़ करोड़ के सोने की लूट कांड में जेल भी जा चुका है। इसके आलावा इसपर दस से ज्यादा लूटपाट के मामले दर्ज है। ये सभी लूट के इरादे से गोपालगंज में आए थे।

# मैनाटांड़ ई .किसान भवन में तीन महिना से नही मिल रहा बिजली पानी कर्मचारी हुए परेशान

चाणक्य भूमि मैनाटांड़।




मैनाटांड़ प्रखंड स्थित किसान भवन में लगभग तीन महिना से बिजली पानी नहीं होने की वजह से ई .किसान भवन के कर्मचारीओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमर नाथ मिश्रा ने बताया की ई. किसान भवन में तीन महिना से बिजली की व्यवस्था नही मिल पा रहा है। ई .किसान भवन का बिजली पानी शौचालय भी तीन महिना से बंद पड़ा है। पीने का पानी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है । डाटा ओपरेटर चंचल कुमार ने बताया कि ब्लॉक और अंचल का लैपटॉप कंप्यूटर लेकर काम किया किया जा रहा है । अभी मुंग का बीज वितरण किया जा रहा है । बिजली पानी शौचालय का अभाव से काम करने में काफी परेशानी हो रही है। किसान सलाहकार मैनुद्दीन अंसारी, अब्दुल हमीद, संजय कुमार विजय मिश्रा, ने बताया की सरकार को इस पर कोई ध्यान नही है। इसकी जानकारी हमने उच्च अधिकारी को कई बार दे चुके हैं फिर भी समस्या का समाधान नही किया गया ।









## आज की तस्वीर

खुदाबक्श चौक पर जाम से निपटने की कोशिश में पुलिसकर्मी

# दो बाइको की टक्कर में दोनों चालक घायल,एक गंभीर

## पुलिस ने घायलों को जीएमसीएच भेजा

चाण्क्य भूमि(कनकलता)बेतिया

**बेतिया।** एन एच 727 के नानोसती और जवकटिया के बीच निर्माणाधीन नया पेट्रौल पंप के पास दो बाइक चालको की आमने सामने भिड़ंत में दोनो बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये।दोनो घायलों में एक कि हालत काफी गंभीर बतायी गयी है।राहगीरों और मझौलिया पुलिस के सहयोग से दोनो घायलों को जीएमसीएच बेतिया भेजा गया।दोनो क्षतिग्रस्त बाइक घटनास्थल पर पुलिस सरंक्षण में है।टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बाइक का पहिया पूरी तरह खुल गया और अबतक अप्राप्त है।एक्सीडेंट को देखने के लिये लोगों की भीड़ लगी है।एसएचओ मझौलिया अखिलेश मिश्र ने बताया कि सूचना मिली है कि घायलों में एक मझौलिया का है।बहरहाल पुलिस तफसीस में जुट गयी है। बताते चले कि नानोसती से लेकर जवकटिया तक डेंजर जोन बन गया है।अक्सर यहां



दुर्घटनाएं होती रहती है।दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये नानोसती में एक पुलिस चौकी का स्थापना किया गया।नानोसती से लेकर जवकटिया तक पक्की सड़क के दोनों किनारे स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता है।हमेशा अंधकार के कारण यहाँ दुर्घटनाएं होती रहती है।












# चिराग पासवान पर संजय जायसवाल का बड़ा बयान

चाण्क्य भूमि। बेतिया

रविवार को साहेबगंज में सभा को संबोधित करने के दौरान चिराग पासवान ने बिना किसी का नाम लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि चिराग का गठबंधन और तालमेल सिर्फ बिहार और बिहारी से है। राजनीतिक गलियारों में चल रही चर्चा पर गौर करे तो 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान के कारण नीतीश कुमार की पार्टी को तीसरे स्थान पर पहुँचना पड़ा था हालाँकि कुछ लोग ये भी चर्चा करते दिखते है कि भाजपा के वोटर ने नीतीश को अपना समर्थन नहीं दिया था इसी वज़ह से नीतीश को कई सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। इन सभी चर्चाओं के बीच संजय जायसवाल चिराग पासवान के पक्ष में खड़े नजर आए। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान के साथ हम आज से नहीं हैं।उनके साथ हम तब से हैं जब मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने की घोषणा हुई थी. 2014 और 2019 सभी चुनावों में हमने एक साथ मिलकर काम किया है।कहीं कोई दिक्कत नहीं है इसके साथ ही वो लालू पर निशाना साधने से भी नहीं चुके उन्होंने कहा कि " अपने परिवार के लिए धन अर्जित करना ही लालू यादव का जन्म



सिद्ध अधिकार है । यही काम वो वर्षो से कर रहे हैं। आज भी उनकी राजनीति परिवार के इर्द गिर्द ही घूम रही है और उनके सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। ये बात जनता जानती है और जनता ऐसे लोगों को बार-बार जवाब भी दे रही है, लेकिन उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि इस बार जनता उनको ठीक से सबक सिखाएगी।"

# "जिंदगी एक किराये का घर है" भजन पर झूमे श्रोता

## मझौलिया थाना परिसर में आध्यत्मिक उत्सव का आयोजन



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया।** कृष्णेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर मझौलिया में मंगलवार की संध्या भजन।कीर्तन का आयोजन किया गया।सतभीड़वा के मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन को लोगों ने खूब सराहा।लगभग दो घण्टे तक श्रोता टस से मस नही हुए।पूजा साउंड सर्विस प्रोपराइटर सुदर्शन भारती ने बताया कि थानाध्यक्ष के सहयोग से पूजा अर्चना और प्रत्येक मंगलवार को थाना परिसर स्थितमंदिर में कीर्तन शुरू किया है।एसएचओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि विश्व शान्ति के लिये परम्परा के मुताबिक पूजा और कीर्तन का आयोजन मंदिर पर होता है।मंगलवार को एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया गया।












# "कर्ज मुक्त भारत अभियान" संस्था सरकार से आम जनता के कर्ज माफी की करेगी अपील- प्रमोद भारतीय

## सरकार ने बड़े-बड़े उधोगपतियों के लाखो करोड़ो रूपये का कर्ज माफ किया तो छोटे व्यवसायियों का क्यों नहीं

चाणक्य भूमि मोतिहारी।

"कर्ज मुक्त भारत अभियान" संस्था के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार भारतीय ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा की कर्ज मुक्त भारत अभियान" संस्था सरकार से आम जनता के कर्ज माफी के लिए उनके हित की आवाज उठाने वाली संस्था है, यह संस्था सरकार से अपील करेगा की बड़े-बड़े उधोगपतियों के लाखो करोड़ो रूपये का कर्ज माफ किया जा सकता है तो छोटे व्यवसायियों का क्यों नहीं ? उसी तरह से आम जनता का कर्जा भी माफ होनी चाहिए ।धार्मिक एकता ट्रस्ट द्वारा गुरू शहनवाज चौधरी जी के भार्गदर्शन में चलाये जा रहे "कर्ज मुक्त भारत अभियान" में अपनी निशुल्क सेवाये दे रहे है।जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार भारतीय ने कहा की प्रायः देखने में यह आया है कि जो लोग कर्जे से परेशान है नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन के बाद कर्ज के दलदल में फंसे है उन्हें बैंको के एनबीएफसी माईक्रो फाइनेंस कम्पनीयो/ साहूकारों/सूटखोरों के एजेंटो (गुंडी) के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, गाली गलौज




की जाती है, इसी के चलते बहुत से परिवार घर-द्वार छोड़कर साहुकारो/सूदखोरो/ एजेंटो के प्रताड़ित करने से पलायन कर जाते है। उन्हें सुरक्षित करने हेतु यह अभियान पुरे भारत वर्ष में चल रहा है और अभी तक इस अभियान में 15 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके है। जो भी हमारे अभियान में फॉर्म भरते है उनकी जानकारी वित मंत्रालय, पीएमओ कार्यालय एवं आरबीआई भेजी गई है और अब आगे लगातार जिले मे संघठन बनाकर अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714